वेबसाईट पर

राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

(प्लाट नं. – 6, ऐवरेस्ट कॉलोनी, नियर अपेक्स मॉल, लाल कोठी, जयपुर)

क्रमांकःपैरामेडि.कौं / 2018 / 945 दिनांकः 10-05-18

समस्त प्रधानाचार्य,
पैरामेडिकल कॉलेज।

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर की Diploma Courses First Year Remanded Exam May-2018 के प्रवेश पत्र तथा सेंटर कॉपी ऑनलाईन पोर्टल (http://43.225.54.12/) से जारी करने के संबंध में।

संदर्भः– राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के पत्र क्रमांक 2515 दिनांक 10.05.2018 के क्रम में।

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 19.05.2018 से शुरू होने वाली Rajasthan Paramedical Diploma Courses First Year Remanded Exam May-2018 के प्रवेश पत्र महाविद्यालय के पोर्टल से एवं सेंटर कॉपी सम्बन्धित सेन्टर के पोर्टल (http://43.225.54.12/) के माध्यम से प्रिन्ट किये जायेगें।

उपरोक्त संदर्भ में लेख है कि :–

1. महाविद्यालय ऑनलाईन प्रवेश पत्र निकालने हेतु वेबसाईट (http://43.225.54.12/) पर विजिट कर वहॉ पर दिये गये कॉलेज पोर्टल पर राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर द्वारा दिये गये लॉगिन आई. डी. व पासवर्ड डालने के पश्चात् लॉग–इन करें। तत्पश्चात् क्रम सं. 3 पर Pre Exam Activities वाली विन्डो open हो जायेगी। प्रवेश पत्र एवं सेंटर कॉपी निकालने हेतु Pre Exam Activities वाले कॉलम पर जाकर संकाय, कोर्स व कक्षा का चयन करते हुए Proceed पर क्लिक करें एवं प्रवेश पत्र व सेंटर कॉपी का प्रिन्ट आउट लें।
2. **<u>प्रवेश पत्र संबंधित कॉलेज के कॉलेज पोर्टल से ही प्रिंट किए जाएगें।</u>** प्रवेश पत्र प्रिंट आउट प्राप्त करने के उपरान्त प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी की फोटो को सत्यापित कर विद्यार्थी को दे दिया जाएगा एवं विद्यार्थी संबंधित केन्द्र पर परीक्षा देगा।
3. सेंटर कॉपी संबंधित सेंटर के कॉलेज पोर्टल से प्रिन्ट की जाएगी। सेंटर द्वारा सेंटर कॉपी एवं विद्यार्थी के प्रवेश पत्र को परीक्षा के दौरान मिलान कर लिया जाए। सभी परीक्षा केन्द्र अपने पोर्टल से विद्यार्थियों की उपस्थित पत्रक (Attendance Sheet) भी प्रिन्ट करें एवं परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करवायें।
4. यदि किसी भी विद्यार्थी के प्रवेश पत्र पर विद्यार्थी का फोटो नहीं आता है तो उस स्थिति में संबंधित महाविद्यालय कॉलेज पोर्टल से प्रिन्ट करके उस विद्यार्थी की फोटो प्रवेश पत्र पर चस्पा कर उसे सत्यापित करेगें एवं विद्यार्थी को यह निर्देश देगें कि वह संबंधित परीक्षा केन्द्र पर अपनी एक अतिरिक्त फोटो व कोई भी परिचय पत्र साथ लेकर उपस्थित होवें।
5. प्रवेश पत्र दिनांक 10.05.2018 दोपहर 2:00 बजे से पोर्टल (http://43.225.54.12/) से प्रिन्ट प्राप्त किये जा सकेगें।
6. यदि इस संबंध में कोई भी संशय की स्थिति हो तो विश्वविद्यालय को 0141–2795502 पर सूचित किया जाए।

रजिस्ट्रार

क्रमांकःपैरामेडि.कौं / 2018 / 945 दिनांकः 10.05-18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान, विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. अध्यक्ष, राजस्थान पेरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
4. निजी एवं रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार